पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50


# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org


दि. 15 नवम्बर 2024

**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

**महंत श्री योगी आदित्यनाथ होंगे प्राध्यापक यशवंत राव केलकर युवा पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि।**

**ठाणे (महाराष्ट्र) के दीपेश नायर को दिया जाएगा इस वर्ष का प्राध्यापक यशवंतराव केलकर पुरस्कार।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के गोरखपुर में आयोजित होने जा रहे 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन में 24 नवंबर को प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत श्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गोरखपुर में 22 से 24 नवंबर आयोजित हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन में दिए जाने वाले प्राध्यापक यशवंतराव केलकर पुरस्कार को इस वर्ष 'ट्रेनिंग एंड एजुकेशनल सेंटर फॉर हियरिंग इम्पेयर्ड' (TEACH) के सह-संस्थापक श्री दीपेश नायर को दिया जाना है।

यह पुरस्कार वर्ष 1991 से प्राध्यापक यशवंतराव केलकर की स्मृति में दिया जाता है, जिन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन का शिल्पकार कहा जाता है और अभाविप विस्तार में उनकी भूमिका के लिए याद किया जाता है। यह पुरस्कार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और विद्यार्थी निधि न्यास की एक संयुक्त पहल है, जो छात्रों की उन्नति एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुरस्कार का उद्देश्य युवा सामाजिक उद्यमियों के काम को उजागर करना, उन्हें प्रोत्साहित करना और ऐसे सामाजिक उद्यमियों के प्रति युवाओं का आभार व्यक्त करना तथा युवा भारतीयों को सेवा कार्य के लिए प्रेरित करना है। शिक्षा, समाज, पर्यावरण, विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को 'प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार' दिया जाता है। इस पुरस्कार में ₹1,00,000/- की राशि, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह समाविष्ट हैं। इस वर्ष इस पुरस्कार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा आगामी 24 नवंबर को दिया जाएगा।

श्री दीपेश नायर को इस वर्ष दिए जाने वाले यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार-2024 के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बधिर और कम सुनने वाले छात्रों के लिए 'ट्रेनिंग एंड एजुकेशनल सेंटर फॉर हियरिंग इम्पेयर्ड' (TEACH) की स्थापना की है। इस संस्था का उद्देश्य इन छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कैरियर के अवसर प्रदान करना है। दीपेश नायर के पास 12 वर्षों का कॉर्पोरेट अनुभव रहा है और वर्ष 2016 में इस केंद्र की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । अमन शर्मा उनके साथ सह-संस्थापक हैं और दोनों ने समान शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है। TEACH का कार्यक्षेत्र ठाणे, पुणे, दिल्ली समेत कई अन्य शहरों में फैला हुआ है। यह संस्थान उच्च शिक्षा के अवसरों की कमी को पूरा करता है और 90% प्लेसमेंट के साथ बेहतरीन परिणाम प्रदान कर रहा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन को भव्य बनाने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। अधिवेशन में भारत के सभी राज्य से प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और अधिवेशन स्थल पर लघु भारत का दर्शन होगा। अधिवेशन में उदात्त भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत श्री योगी आदित्यनाथ प्राध्यापक यशवंतराव केलकर पुरस्कार में शामिल हो चयनित दीपेश नायर को पुरस्कृत करेंगे तथा भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि कार्यकर्ता प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।

---

**(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गई है।)**